# Rajasthan BSTC First Pari Answer Key 2026

**भाग-अ: मानसिक योग्यता (Mental Ability)**

**प्रश्न 1.** एक MNC में 1000 कर्मचारियों को यादृच्छिक रूप से चुना गया। 500 को चाय पसंद है, 380 को कॉफी पसंद है और 120 को चाय और कॉफी दोनों पसंद हैं। निम्न का मिलान करें:

1. कितने लोगों को सिर्फ चाय पसंद है? (i) 760
2. कितने लोगों को सिर्फ कॉफी पसंद है? (ii) 640
3. कितने लोगों को न तो चाय पसंद है और ना ही कॉफी? (iii) 240
4. कितने लोग चाय या कॉफी में से केवल एक ही चीज़ पसंद करते हैं? (iv) 260
5. कितने लोगों को कम से कम एक पेय पसंद है? (v) 380

(A) (1)-(v), (2)-(ii), (3)-(iii), (4)-(iv), (5)-(v)

(B) (1)-(v), (2)-(iv), (3)-(iii), (4)-(ii), (5)-(i)

(C) (1)-(ii), (2)-(iii), (3)-(i), (4)-(v), (5)-(iv)

(D) (1)-(iii), (2)-(i), (3)-(ii), (4)-(iv), (5)-(v)

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 2.** दिये गये चार सेट में से वह सेट चुनें जो नीचे दिये गये सेट के समान है - 13:20:27

(A) 3:11:18

(B) 18:25:32

(C) 18:27:72

(D) 7:14:28

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 3.** एक खास भाषा में DEBU को 45221 और MANSI को 13114199 कोड किया जाता है। उसी भाषा में RAJVEER को कैसे कोड किया जाएगा?

(A) 16100225588

(B) 17111222555

(C) 18011252581

(D) 18110225518

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 4.** निम्नलिखित में से "तीर : धनुष" के समान जोड़ा ज्ञात कीजिए -

(A) फुटबॉल : हाथ

(B) सलाद : चाकू

(C) बुलेट : राइफल

(D) धुआँ : पानी

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 5.** निम्न श्रृंखला का अगला पद ज्ञात कीजिए - ADA, EHE, ILI, ........

(A) JKJ

(B) GJG

(C) MPM

(D) JHJ

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 6.** चार शब्द दिये गये हैं जिनमें से तीन किसी न किसी रूप में एक जैसे हैं, जबकि चौथा अलग है। विषम (अलग) शब्द का चयन करें -

(A) भावना

(B) खुशी

(C) चिंता

(D) गुस्सा

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 7.** निम्नलिखित में लुप्त संख्या भरें:

| 20 | 75 | 30 |

| 55 | ? | 85 |

| 35 | 41 | 67 |

(A) 35

(B) 40

(C) 45

(D) 50

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 8.** शब्दों का विषम जोड़ा चुनें -

(A) गाय : बछड़ा

(B) कुत्ता : कुतिया

(C) शेर : शावक

(D) कछुआ : नन्हा कछुआ

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 9.** एक निश्चित कोड में यदि 'RAIN' को '8$%6' लिखा जाता है और 'MORE' को '7#8@' लिखा जाता है, तो उसी कोड में 'REMAIN' को कैसे लिखा जाएगा?

(A) 8@78$6 (B) 8@7$86

(C) 8@7%86

(D) 8#7%86

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 10.** अमन का परिचय देते हुए रेखा ने कहा, "उसकी पत्नी मेरे पिता की इकलौती बेटी है।" अमन रेखा से किस प्रकार संबंधित है?

(A) देवर / साला

(B) पति

(C) पिता

(D) दामाद

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 11.** नीचे दिए गए अंकों की श्रृंखला में अगला अंक क्या होगा? 2, 5, 11, 23, 47, ?

(A) 95

(B) 92

(C) 96

(D) 94

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित (Rearrange) करने पर बनने वाले शब्द का आखिरी अक्षर क्या है? C, P, A, O, E, C, K (A bird)

(A) P

(B) K

(C) O

(D) C

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 13.** राकेश अपने घर से उत्तर की ओर 10 मीटर चला, फिर वह बाएं मुड़कर 25 मीटर चला, फिर दोबारा बाएं मुड़कर 10 मीटर चला और अंत में दाएं मुड़कर 5 मीटर चला। अब वह अपने घर से कितनी दूरी पर है?

(A) 30 मीटर

(B) 25 मीटर

(C) 20 मीटर

(D) 35 मीटर

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 14.** यदि '+' का अर्थ 'भाग', '-' का अर्थ 'गुणा', '×' का अर्थ 'प्लस' और '÷' का अर्थ 'माइनस' हो, तो दिए गए समीकरण का मान क्या होगा? 36 - 4 + 8 ÷ 2 × 5

(A) 21

(B) 18

(C) 23

(D) 15

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 15.** 60 छात्रों की एक कक्षा में जहाँ लड़कियाँ लड़कों से दोगुनी हैं, कमल का पद ऊपर से सत्रहवां है। यदि कमल से आगे 9 लड़कियाँ हैं, तो उसके बाद कितने लड़के हैं?

(A) 12

(B) 15

(C) 13

(D) 14

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 16.** एक घड़ी में 4:30 बजे हैं। यदि मिनट की सुई पूर्व दिशा की ओर इंगित करती है, तो घंटे की सुई किस दिशा की ओर इंगित करेगी?

(A) उत्तर-पूर्व

(B) उत्तर-पश्चिम

(C) दक्षिण-पूर्व

(D) दक्षिण-पश्चिम

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 17.** दिए गए विकल्पों में से वह आकृति चुनें जो पासे (Dice) को मोड़ने पर बनाई जा सकती है?

(A) आकृति A

(B) आकृति B

(C) आकृति C

(D) आकृति D

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 18.** निम्न रेखाचित्र का अध्ययन करके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए:

(संख्याएँ अंकित हैं: 25, 4, 17, 22, 3, 8, 30)

**कितने डॉक्टर्स, खिलाड़ी और कलाकार दोनों हैं?**

(A) 22

(B) 8

(C) 3

(D) 30

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 19.** निम्नलिखित में से कौनसा समूह से संबंधित नहीं है?

(A) ZA

(B) XC

(C) VE

(D) MG

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 20.** निम्न प्रश्न में विलुप्त संख्या खोजिए:

[संख्याएँ: 16, 17, 19, 22, 26, ?, 37, 42]

(A) 30

(B) 25

(C) 27

(D) 31

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 21.** यदि अपराजित, भूमि का भाई है और भूमि, चैतन्य की बहन है, तो अपराजित का चैतन्य से क्या संबंध है?

(A) भाई

(B) माँ

(C) पिता

(D) बहन

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 22.** निम्न प्रश्न के लिए सही विकल्प को चुनिए: गाय : बैल :: घोड़ी : ?

(A) जानवर

(B) कुत्ता

(C) घोड़ा

(D) माँस

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 23.** दी गई छह कोने वाली तारा आकृति (Star Shape) में त्रिभुजों की संख्या कितनी है?

(A) 6

(B) 8

(C) 10

(D) 12

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 24.** निम्न श्रृंखला को पूरा कीजिए: 5040, 720, 120, 24, ........, 2, 1

(A) 8

(B) 7

(C) 6

(D) 5

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 25.** निम्न श्रृंखला में आगे क्या आएगा? ΔOΠOΔO........

(A) Δ

(B) O

(C) Π

(D) □

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 26.** एक घन की सभी छह सतहों को लाल रंग से रंगा गया है। इसे समान आकार के 64 छोटे घनों में काटा जाता है। ऐसे कितने घन हैं जिनकी केवल एक सतह रंगी हुई होगी?

(A) 24

(B) 8

(C) 16

(D) 12

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 27.** लड़कों की एक कतार में राहुल का स्थान दाईं ओर से 12वां और बाईं ओर से 4था है। कतार में कुल कितने लड़के शामिल किए जाएँ कि कुल लड़कों की संख्या 28 हो जाए?

(A) 13

(B) 14

(C) 12

(D) 15

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 28.** लीप वर्ष में कुल कितने रविवार होते हैं?

(A) 52 या 53

(B) केवल 52

(C) केवल 53

(D) 51

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 29.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला (Dictionary Order) के अनुसार व्यवस्थित करें: 1. Magnet 2. Manage 3. Matter 4. Magic

(A) 4, 1, 2, 3

(B) 1, 4, 2, 3

(C) 4, 2, 1, 3

(D) 1, 2, 4, 3

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 30.** कथन: सभी पेन किताबें हैं। सभी किताबें कॉपियाँ हैं।

निष्कर्ष: I. सभी पेन कॉपियाँ हैं। II. कुछ कॉपियाँ पेन हैं।

(A) केवल निष्कर्ष I सही है

(B) केवल निष्कर्ष II सही है

(C) निष्कर्ष I और II दोनों सही हैं

(D) न तो I ना ही II सही है

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 31.** यदि बीते हुए कल से तीन दिन पहले बुधवार था, तो आने वाले कल के दो दिन बाद कौनसा दिन होगा?

(A) बुधवार

(B) गुरुवार

(C) शुक्रवार

(D) शनिवार

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 32.** असंगत विकल्प का चयन कीजिए:

(A) जनवरी

(B) मार्च

(C) जुलाई

(D) नवंबर

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 33.** सुरेश की उम्र किरण से दोगुनी है। यदि दोनों की उम्र का योग 24 वर्ष है, तो सुरेश की उम्र क्या होगी?

(A) 16 वर्ष

(B) 8 वर्ष

(C) 12 वर्ष

(D) 18 वर्ष

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 34.** अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में बाएं से 8वें अक्षर के दाएं 5वां अक्षर कौनसा होगा?

(A) M

(B) L

(C) N

(D) O

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 35.** नीचे दी गई आकृति में कितने आयत (Rectangles) हैं?

(A) 9

(B) 8

(C) 10

(D) 11

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 36.** यदि 'A' का मतलब गुणा, 'B' का मतलब घटाव, 'C' का मतलब जोड़ हो, तो 7 C 5 A 3 B 4 का मान क्या होगा?

(A) 18

(B) 32

(C) 22

(D) 26

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 37.** एक स्त्री की ओर इशारा करते हुए विजय ने कहा, "वह मेरे भाई के पिता की इकलौती पुत्री है।" उस स्त्री का विजय से क्या संबंध है?

(A) बहन

(B) पुत्री

(C) माता

(D) बुआ

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 38.** श्रृंखला का लुप्त पद भरें: C4X, F9U, I16R, ?

(A) L25O

(B) K25O

(C) L25P

(D) L20O

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 39.** 5 बजकर 15 मिनट पर घड़ी की दोनों सुइयों के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा?

(A) 67.5°

(B) 60°

(C) 72.5°

(D) 58°

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 40.** यदि किसी परीक्षा में राम का स्थान ऊपर से 9वां और नीचे से 38वां है, तो कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?

(A) 46

(B) 47

(C) 45

(D) 48

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 41.** नीचे दी गई संख्या श्रृंखला में गलत पद ज्ञात कीजिए: 4, 9, 16, 25, 35, 49

(A) 35

(B) 25

(C) 49

(D) 16

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 42.** यदि 'WATER' को 'YCVGT' लिखा जाता है, तो 'FIRE' को क्या लिखा जाएगा?

(A) HKTG

(B) GKTG

(C) HKTF

(D) HKSH

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 43.** निम्नलिखित चार में से तीन किसी प्रकार समान हैं, अतः उनका एक समूह बनता है। वह एक कौनसा है जो इस समूह में नहीं आता?

(A) तांबा

(B) जस्ता

(C) पीतल

(D) लोहा

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 44.** यदि VOTER = 41352, HEATER = 743654, TEASER = 645834 है, तो कौनसी संख्या "S" का प्रतिनिधित्व करती है?

(A) 1

(B) 5

(C) 8

(D) 7

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 45.** नीचे कथन (I) एवं कथन (II) दिए गए हैं, उनको पढ़कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

**कथन (I):** ऑनलाइन शॉपिंग में काफी बढ़ोतरी हुई है।

**कथन (II):** कई स्थानीय रिटेल दुकानें बंद हो रही हैं।

(A) कथन (I) कारण है और कथन (II) उसका परिणाम है।

(B) कथन (II) कारण है और कथन (I) उसका परिणाम है।

(C) दोनों कथन (I) और (II) स्वतंत्र कारण हैं।

(D) दोनों कथन (I) और (II) स्वतंत्र कारणों के परिणाम हैं।

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 46.** दिये गये चित्र (3x3 ग्रिड) में से कुल वर्गों की संख्या ज्ञात कीजिए -

(A) 10

(B) 14

(C) 12

(D) 16

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 47.** प्रश्न चिन्ह की जगह क्या आएगा?

| A | B5 | C9 |

| D13 | E17 | ? |

| G7 | H11 | I15 |

(A) F21

(B) G22

(C) H23

(D) I24

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 48.** निम्न श्रृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए: 3F, 6G, 11I, 18L, ........

(A) 21O

(B) 25N

(C) 25P

(D) 27P

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 49.** P, Q और R की उम्र का कुल योग 90 साल है। पाँच साल पहले उनकी उम्र का कुल योग कितना था?

(A) 70 साल

(B) 75 साल

(C) 80 साल

(D) 85 साल

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 50.** दी गई श्रृंखला में ऐसे कितने 7 हैं जिनके ठीक पहले 6 आता है लेकिन उनके ठीक बाद 8 नहीं आता है?

**3, 4, 8, 7, 6, 1, 5, 6, 7, 8, 4, 9, 6, 7, 5**

(A) 1

(B) 2

(C) 3

(D) 4

**उत्तर: (A)**

**भाग-ब: राजस्थान की सामान्य जानकारी (General Knowledge of Rajasthan)**

**प्रश्न 51.** राजस्थानी काव्य-संग्रह 'गाँव अर अम्मा', जिसे वर्ष 2024 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला, के लेखक कौन हैं?

(A) अंबिका दत्त

(B) मुकुट मणिराज

(C) भँवर सिंह सामोर

(D) मीठेश निर्मोही

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 52.** हमसीढ़ो क्या है?

(A) भीलों द्वारा गाया जाने वाला गीत

(B) मीणा द्वारा गाया जाने वाला गीत

(C) मांगणियार द्वारा गाया जाने वाला गीत

(D) लंगा द्वारा गाया जाने वाला गीत

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 53.** लोक-देवताओं के सही समूह को पहचानिए, जिनकी पाँच पीरों के रूप में राजस्थान में पूजा की जाती है:

(A) पाबूजी, तेजाजी, कल्लाजी, गोगाजी, देवनारायणजी

(B) देवनारायणजी, रामदेवजी, हड़बूजी, मल्लीनाथजी, कल्लाजी

(C) गोगाजी, पाबूजी, रामदेवजी, मेहाजी, हड़बूजी

(D) पाबूजी, मल्लीनाथजी, मेहाजी, गोगाजी, तेजाजी

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 54.** राजस्थान के लोक-रंगकर्म की किस विधा से 'तुर्रा कलंगी' संबंधित है?

(A) ख्याल

(B) तमाशा

(C) रम्मत

(D) स्वांग

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 55.** गीदड़ नृत्य के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए:

(I) यह शेखावटी क्षेत्र का प्रसिद्ध लोक नृत्य है।

(II) इसे केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है।

(A) केवल (I) सही है

(B) केवल (II) सही है

(C) (I) व (II) दोनों सही हैं

(D) न तो (I) ना ही (II) सही है

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 56.** निम्नांकित में से जयपुर के किस दरबारी संगीतज्ञ ने 'स्वर-सागर' नामक ग्रंथ लिखा था?

(A) भट्ट द्वारकानाथ

(B) देवर्षि भट्ट

(C) अली भगवान

(D) चाँद खाँ

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 57.** होली (धुलंडी) के दूसरे दिन 'बादशाह की सवारी' की शोभायात्रा कहाँ निकाली जाती है?

(A) चूरू

(B) भीलवाड़ा

(C) भीनमाल

(D) ब्यावर

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 58.** राजस्थान के निम्नांकित मंदिरों में से कौनसा एक मंदिर स्थापत्य की 'भूमिज शैली' से संबंधित नहीं है?

(A) महानालेश्वर, मैनाल

(B) समाधीश्वर मंदिर, चित्तौड़गढ़

(C) भांड देवरा, बारां

(D) सूर्य मंदिर, रणकपुर

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 59.** राजस्थान के महान चित्रकार मोरध्वज निहालचंद चित्रकला की किस शैली से संबंधित थे?

(A) बीकानेर शैली

(B) जोधपुर शैली

(C) बूंदी शैली

(D) किशनगढ़ शैली

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 60.** वर्तमान समय के कौनसे जिले महाभारत काल के 'जांगलदेश' के अंतर्गत आते थे?

(A) बीकानेर - नागौर

(B) Udaipur - जोधपुर

(C) अलवर - जयपुर

(D) अलवर - भरतपुर

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 61.** शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'पहेली' इनमें से किस राजस्थानी लेखक की कहानी पर आधारित थी?

(A) विजयदान देथा की 'दुविधा'

(B) नाथमल जोशी की 'एक बींदणी दो बींद'

(C) लक्ष्मी कुमारी चुंडावत की 'मांझल रात'

(D) यादवेन्द्र शर्मा चन्द्र की 'जोग-संजोग'

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 62.** मोरिया, लूर, कूद, मांदल नृत्य हैं -

(A) गरासिया के

(B) भील के

(C) गुर्जर के

(D) कालबेलिया के

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 63.** पंडित विश्व मोहन भट्ट को उनके एल्बम 'A Meeting by the River' के लिए 1994 में कौनसा पुरस्कार दिया गया था?

(A) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

(B) पद्म श्री

(C) ग्रैमी पुरस्कार

(D) कालिदास सम्मान

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 64.** इनमें से किस महिला स्वतंत्रता सेनानी को उनके राजनीतिक और सामाजिक सुधार कार्यों के कारण बूँदी से निष्कासित किया गया था?

(A) नगेन्द्र बाला

(B) जानकी देवी बजाज

(C) शांता त्रिवेदी

(D) अंजना देवी चौधरी

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 65.** सूकड़ी नदी के किनारे, सोनगिरी की पहाड़ियों पर कौनसा किला बना हुआ है?

(A) गागरोन किला

(B) भैंसरोड़गढ़ किला

(C) जालौर किला

(D) सिवाना किला

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 66.** निम्नलिखित में से किसने 'वीर भारत समाज' की स्थापना की थी?

(A) जमनालाल बजाज

(B) मोतीलाल तेजावत

(C) माणिक्य लाल वर्मा

(D) विजय सिंह पथिक

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 67.** राजस्थान के स्थानों के सही समूह को पहचानिए, जिन पर सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने आक्रमण किया था -

(A) चित्तौड़, जोधपुर, सिरोही

(B) रणथंभोर, चित्तौड़, जालौर

(C) जोधपुर, जालौर, चित्तौड़

(D) सिरोही, रणथंभोर, जोधपुर

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 68.** उन तीन स्थलों को पहचानिए, जहाँ 1787 से 1800 के दौरान चौथ वसूली के मुद्दे पर मराठों और राजपूत राज्यों के बीच युद्ध हुए -

(A) हुरड़ा, राजमहल, तुंगा

(B) बूंदी, मालपुरा, अजमेर

(C) तुंगा, पाटन, मालपुरा

(D) बगरू, पाटन, जयपुर

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 69.** नागौर के राजपूत योद्धा अमर सिंह राठौड़ को निम्नांकित में से किस बादशाह ने 'राव' की पदवी प्रदान की थी?

(A) अकबर

(B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ

(D) औरंगजेब

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 70.** अंग्रेजों से संधि करने वाला राजपूताना का अंतिम राज्य था -

(A) उदयपुर

(B) कोटा

(C) सिरोही

(D) जैसलमेर

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 71.** राजस्थान के पुरातात्विक स्थल और समीपस्थ नदी के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए -

(A) बागोर - कोठारी

(B) सुनारी - कांटली

(C) नगरी - बेड़च

(D) नोह - बाणगंगा

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 72.** पुष्कर मेला किस माह में आयोजित होता है?

(A) श्रावण

(B) पौष

(C) कार्तिक

(D) भाद्रपद

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 73.** राजस्थान के निम्नांकित पुरातात्विक स्थलों में से किसका उत्खनन 1952-54 के दौरान स्वीडिश पुरातात्विक दल द्वारा किया गया था?

(A) रंग महल

(B) जोधपुरा

(C) गणेश्वर

(D) भीनमाल

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 74.** दो बावडियों से मिलकर बना 'नगर सागर कुंड' स्थित है -

(A) दौसा में

(B) बूंदी में

(C) कोटा में

(D) चित्तौड़गढ़ में

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 75.** 'बीजक की पहाड़ी' में की गयी खुदाई में किस साम्राज्य के अवशेष मिले हैं?

(A) मौर्य साम्राज्य

(B) गुप्त साम्राज्य

(C) चोल साम्राज्य

(D) पांड्य साम्राज्य

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 76.** निम्नांकित में से कौनसा एक दुर्ग करौली जिले में स्थित नहीं है?

(A) तिमनगढ़

(B) शेरगढ़

(C) देवगिरि

(D) उंटगिरी

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 77.** राजस्थान की निम्न वस्तुओं में से किसे जी.आई. (भौगोलिक संकेत) टैग नहीं मिला है?

(A) बीकानेरी भुजिया

(B) कोटा डोरिया

(C) जयपुर की ब्लू पॉटरी

(D) राजस्थान रावण हत्था

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 78.** ओ.डी.ओ.पी. (ODOP) योजना के अंतर्गत जिले और उत्पाद के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए -

(A) बारां - आम

(B) अजमेर - गुलाब

(C) चूरू - मूंगफली उत्पाद

(D) सीकर - प्याज

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 79.** राजस्थान की जनगणना 2011 से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए:

(I) राजस्थान की कुल जनसंख्या में से 24.9% लोग नगरीय क्षेत्र में रहते थे।

(II) राजस्थान में महिला साक्षरता दर 60.1% थी।

(A) केवल (I) सही है

(B) केवल (II) सही है

(C) (I) व (II) दोनों सही हैं

(D) न तो (I) ना ही (II) सही है

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 80.** राजस्थान में अरावली पर्वत श्रेणी की दूसरी सर्वोच्च चोटी है -

(A) अचलगढ़

(B) सज्जनगढ़

(C) जरगा

(D) सेर

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 81.** बांध और जिस नदी पर इसे निर्मित किया गया है, के त्रुटिपूर्ण युग्म को पहचानिए -

(A) मेजा बांध - कोठारी नदी

(B) मातृकुंडिया बांध - बनास नदी

(C) नाहर सागर बांध - नगदी नदी

(D) फतेह सागर बांध - बेड़च नदी

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 82.** राजस्थान की मीठे पानी की झीलों के सही समूह को पहचानिए -

(A) पिछोला, फतेह सागर, पंचभद्रा

(B) जयसमंद, डीडवाना, नक्की

(C) राजसमंद, सिलीसेढ़, कोलायत

(D) सांभर, लूणकरणसर, आना सागर

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 83.** निम्नांकित में से कौनसी एक नदी चंबल नदी की सहायक नदी नहीं है?

(A) काली सिंध

(B) बाणगंगा

(C) बनास

(D) पार्वती

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 84.** 'इन्या पर्वत' किससे संबंधित है?

(A) भील

(B) गरासिया

(C) मीणा

(D) गुर्जर

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 85.** जोहड़, खड़ीन और झालरा विधियाँ हैं -

(A) जल संरक्षण की

(B) मृदा संरक्षण की

(C) वन्यजीव संरक्षण की

(D) बीज संरक्षण की

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 86.** बाड़मेर की गिरल खदान और नागौर की मातासुख और कसनाऊ खदानों से कौनसा खनिज निकाला जाता है?

(A) बैंटोनाइट

(B) जिप्सम

(C) लिग्नाइट

(D) चूना पत्थर

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 87.** 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के तहत पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने एवं राज्यपाल को सिफारिशें करने के लिये कौनसी संवैधानिक संस्था बनायी गयी है?

(A) राजस्थान राज्य आयोजना बोर्ड

(B) राज्य वित्त आयोग

(C) पंचायत समिति

(D) जिला परिषद

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 88.** निम्न में से कौन स्वतंत्रता सेनानी 1954 से 1960 तक राज्य सभा के सदस्य रहे?

(A) बलवंत सिंह मेहता

(B) मास्टर आदित्येन्द्र

(C) जयनारायण व्यास

(D) माणिक्य लाल वर्मा

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 89.** निम्न व्यक्तियों में से कौन राजस्थान विधान सभा के पूर्णकालिक अध्यक्ष नहीं रहे हैं?

(A) नरोत्तम लाल जोशी

(B) रामकिशोर व्यास

(C) निरंजन नाथ आचार्य

(D) गुलाब चंद कटारिया

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 90.** 1990 के दशक (1990 से 1999) के दौरान निम्नांकित में से किसने राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद धारण नहीं किया?

(A) हरि देव जोशी

(B) शिव चरण माथुर

(C) भैरों सिंह शेखावत

(D) अशोक गहलोत

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 91.** राजस्थान के राज्यपालों को पहचानिए, जिनकी पदावधि के दौरान अनुच्छेद 356 के अधीन राष्ट्रपति शासन केवल उद्घोषित किया गया, वापस नहीं लिया गया -

(A) रघुकुल तिलक

(B) हुकुम सिंह

(C) एम. चेन्ना रेड्डी

(D) बलिराम भगत

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 92.** 26 जनवरी, 1950 को प्रारंभ हुए संविधान की प्रथम अनुसूची में अजमेर को किस रूप में श्रेणीकृत किया गया था?

(A) पार्ट A राज्य

(B) पार्ट - B राज्य

(C) पार्ट C राज्य

(D) संघ शासित क्षेत्र

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 93.** 'विकसित राजस्थान @2047' में, वर्ष 2029 तक राज्य का लक्ष्य कितने मूल्य की अर्थव्यवस्था अर्जित करना है?

(A) $275 बिलियन

(B) $325 बिलियन

(C) $350 बिलियन

(D) $450 बिलियन

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 94.** राजस्थान में 2024-25 के दौरान किस सेक्टर ने प्रचलित मूल्यों पर 'सकल राज्य मूल्य वर्धन' में सर्वाधिक योगदान दिया है?

(A) कृषि

(B) उद्योग

(C) अवसंरचना

(D) सेवा

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 95.** वर्ष 2022-23 के आंकड़ों के अनुसार सोयाबीन उत्पादन में राजस्थान का कौनसा स्थान है?

(A) प्रथम

(B) द्वितीय

(C) तृतीय

(D) चतुर्थ

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 96.** 'सांझी कला' में किस देवी की पूजा की जाती है?

(A) पार्वती

(B) लक्ष्मी

(C) सरस्वती

(D) सीता

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 97.** निम्नलिखित में से राजस्थान के किस खिलाड़ी को 2025 में अर्जुन पुरस्कार प्राप्त हुआ?

(A) साक्षी कुमारी

(B) मोना अग्रवाल

(C) ओम प्रकाश मितरवाल

(D) सुंदर सिंह गुर्जर

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 98.** निम्न में से कौन कभी भी राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष नहीं रहे?

(A) भैरों सिंह शेखावत

(B) हरिदेव जोशी

(C) वसुंधरा राजे

(D) अशोक गहलोत

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 99.** जयसिंह सूरी निम्न में से किस पुस्तक के लेखक हैं?

(A) राज प्रशस्ति

(B) हम्मीर मद मर्दन

(C) कीर्तिस्तंभ प्रशस्ति

(D) ज्ञान मंजरी

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 100.** निम्न में से कौन 'एकी आंदोलन' से संबंधित हैं?

(A) मोतीलाल तेजावत

(B) माणिक्य लाल वर्मा

(C) नयनू राम शर्मा

(D) कुंज बिहारी लाल मोदी

**उत्तर: (A)**

**भाग-स: शिक्षण अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति (Teaching Aptitude)**

**प्रश्न 101.** एक प्रभावी शिक्षक बनने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा गुण सबसे महत्वपूर्ण है?

(A) उच्च शैक्षणिक योग्यता

(B) शिक्षण के प्रति रुचि और संवेदनशीलता

(C) सख्त अनुशासनात्मक रवैया

(D) केवल आकर्षक व्यक्तित्व

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 102.** यदि कोई छात्र आपकी कक्षा में ध्यान नहीं दे रहा है, तो आप एक शिक्षक के रूप में क्या करेंगे?

(A) उसे कक्षा से बाहर निकाल देंगे

(B) उसका ध्यान आकर्षित करने के लिए उससे प्रश्न पूछेंगे

(C) उसे कठोर शारीरिक दंड देंगे

(D) उसे उसके हाल पर छोड़ देंगे

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 103.** कक्षा शिक्षण के दौरान दृश्य-श्रव्य सामग्री (Audio-Visual Aids) के प्रयोग का मुख्य लाभ क्या है?

(A) इससे शिक्षक का समय बचता है

(B) इससे छात्र अनुशासित रहते हैं

(C) यह अमूर्त धारणाओं को समझने में मदद करता है और रुचि बढ़ाता है

(D) यह परीक्षा के अंकों को बढ़ाता है

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 104.** शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में 'फीडबैक' (प्रतिपुष्टि) का क्या महत्व है?

(A) यह केवल शिक्षक की कमियों को उजागर करता है

(B) यह छात्रों और शिक्षकों दोनों के सुधार और प्रगति में मदद करता है

(C) यह छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा को समाप्त करता है

(D) इसकी कोई विशेष आवश्यकता नहीं होती

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 105.** बुनियादी शिक्षा (Basic Education/Wardha Scheme) के मुख्य प्रणेता कौन थे?

(A) जवाहरलाल नेहरू

(B) महात्मा गांधी

(C) डॉ. राधाकृष्णन

(D) रबीन्द्रनाथ टैगोर

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 106.** यदि कोई अभिभावक अपने बच्चे की प्रगति से असंतुष्ट होकर आपसे शिकायत करता है, तो आप क्या करेंगे?

(A) उनके साथ दुर्व्यवहार करेंगे

(B) बच्चे की कमियों और सुधार के उपायों पर शांति से चर्चा करेंगे

(C) शिकायत को नजरअंदाज कर देंगे

(D) बच्चे को कक्षा में प्रताड़ित करेंगे

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 107.** समावेशी शिक्षा (Inclusive Education) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) केवल विशेष बच्चों को अलग से पढ़ाना

(B) सभी बच्चों को बिना किसी भेदभाव के एक ही स्कूल में समान अवसर देना

(C) केवल अमीर परिवारों के बच्चों को शिक्षित करना

(D) केवल बालिकाओं को शिक्षा देना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 108.** कक्षा में अनुशासन बनाए रखने का सबसे प्रभावी तरीका कौनसा है?

(A) छात्रों को शारीरिक दंड का भय दिखाना

(B) शिक्षण कार्य को अत्यंत रोचक और व्यावहारिक बनाना

(C) शरारती छात्रों को स्कूल से निकालना

(D) कक्षा की सभी गतिविधियां बंद कर देना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 109.** शिक्षक को समाज में 'मार्गदर्शक' माना जाता है, इसका क्या कारण है?

(A) क्योंकि वह केवल ज्ञान देता है

(B) क्योंकि वह विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों और नागरिकता का विकास करता है

(C) क्योंकि वह सरकारी नौकरी में होता है

(D) क्योंकि वह अमीर होता है

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 110.** प्राथमिक स्तर पर शिक्षण की सबसे उपयुक्त विधि कौनसी मानी जाती है?

(A) व्याख्यान विधि

(B) खेल विधि / प्रोजेक्ट विधि

(C) पाठ्यपुस्तक पठन विधि

(D) भाषण विधि

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 111.** छात्रों के मूल्यांकन के लिए निरंतर और व्यापक मूल्यांकन (CCE) क्यों आवश्यक है?

(A) यह केवल शैक्षणिक परीक्षा लेने में मदद करता है

(B) यह छात्र के विकास के सभी पक्षों का नियमित आकलन करता है

(C) इससे स्कूल की प्रतिष्ठा बढ़ती है

(D) यह शिक्षकों का कार्यभार बढ़ाता है

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 112.** यदि आपकी कक्षा में एक प्रतिभाशाली छात्र हमेशा समय से पहले कार्य पूरा कर लेता है, तो आप क्या करेंगे?

(A) उसे कक्षा में आराम करने देंगे

(B) उसे अधिक चुनौतीपूर्ण और रचनात्मक कार्य सौंपेंगे

(C) उसे अन्य कमजोर छात्रों को चिढ़ाने की अनुमति देंगे

(D) उसका काम चेक नहीं करेंगे

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 113.** नेतृत्व (Leadership) का सबसे मुख्य और आवश्यक गुण क्या है?

(A) दूसरों पर अधिकार जताना

(B) समूह के सदस्यों को प्रभावित और प्रेरित करने की क्षमता

(C) केवल खुद के हित के निर्णय लेना

(D) कठोर अनुशासनात्मक रवैया रखना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 114.** अधिगम की प्रक्रिया में, इनाम किस तरह का प्रेरक है, जो शिक्षक विद्यार्थियों को देता है?

(A) बाहरी

(B) आंतरिक

(C) जैव-जनित

(D) शारीरिक

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 115.** व्यावसायिक रूप से प्रतिबद्ध शिक्षक यह मानता है कि शिक्षण है -

(A) एक नौकरी

(B) एक सामाजिक उत्तरदायित्व

(C) जीविकोपार्जन का एक साधन

(D) शक्ति का एक साधन

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 116.** एक विद्यार्थी की खुद की लिखी कविता रचनात्मकता के किस तत्व को दिखाती है?

(A) मौलिकता

(B) लचीलापन

(C) विस्तार

(D) प्रवाह

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 117.** सूचना भेजने वाले से जानकारी पाने के लिए इनमें से किस तरीके का इस्तेमाल किया जाता है?

(A) सुनना

(B) बोलना

(C) बताना

(D) लिखना

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 118.** कौनसा कारक शिक्षक के व्यावसायिक दृष्टिकोण को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है?

(A) निरंतर प्रशिक्षण

(B) प्रेरणा

(C) कार्य असंतोष

(D) विद्यार्थियों की सहभागिता

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 119.** शैक्षिक मनोविज्ञान के अनुसार, व्यावसायिक दृष्टिकोण किसे प्रभावित करता है?

(A) केवल शिक्षक

(B) केवल प्रशासन

(C) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया

(D) विद्यालय भवन

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 120.** शिक्षण में सामाजिक संवेदनशीलता मुख्यतः किससे संबंधित है?

(A) कठोर अनुशासन

(B) शिक्षार्थी की पृष्ठभूमि की समझ

(C) विषयवस्तु पूर्णता

(D) परीक्षा नियंत्रण

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 121.** शिक्षा में लैंगिक पक्षपात का परिणाम होता है -

(A) सामाजिक अन्याय

(B) समान अवसर

(C) समावेशी विकास

(D) संतुलित विकास

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 122.** सकारात्मक कक्षा वातावरण बनाए रखना किसकी जिम्मेदारी है?

(A) छात्रों की

(B) शिक्षकों की

(C) विद्यालय प्रशासन की

(D) अभिभावकों की

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 123.** सहायक के रूप में शिक्षक का अर्थ है -

(A) अधिगम प्रक्रिया में शिक्षार्थियों को मार्गदर्शन देना

(B) तैयार उत्तर देना

(C) कक्षा पर प्रभुत्व बनाना

(D) छात्रों की अंतःक्रिया सीमित करना

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 124.** सक्रिय श्रवण का अर्थ है -

(A) बिना प्रतिक्रिया सुनना

(B) वक्ता को बाधित करना

(C) समझना व प्रतिक्रिया देना

(D) संदेश की अनदेखी करना

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 125.** संप्रेषण एक प्रक्रिया है -

(A) विचारों व सूचना का आदान-प्रदान करने की

(B) आदेश देने की

(C) केवल संदेश लिखने की

(D) केवल सुनने की

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 126.** विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका कौनसा रहेगा?

(A) रचनात्मकता विकसित करने के तरीकों पर भाषण

(B) आपकी रचनात्मकता के उदाहरण देना

(C) रचनात्मक सोच के लिए प्रोत्साहित करना

(D) रचनात्मकता विकसित करने के लिए हाथों से की जाने वाली गतिविधि

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 127.** कक्षा का एक विद्यार्थी हमेशा अनोखे प्रश्न करता है, तो आप -

(A) उसे चुप रहने को कहेंगे।

(B) उसे बार-बार प्रश्न पूछने पर डांट लगायेंगे।

(C) प्रश्नों के पीछे उसकी सृजनशीलता की पहचान करेंगे।

(D) उसे अलग मिलने को कहेंगे।

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 128.** सकारात्मक कक्षा वातावरण बनाए रखना किसकी जिम्मेदारी है?

(A) छात्र की

(B) विद्यालय प्रशासन की

(C) शिक्षकों की

(D) अभिभावकों की

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 129.** शिक्षण में सामाजिक संवेदनशीलता मुख्यतः किससे संबंधित है?

(A) कठोर अनुशासन

(B) शिक्षार्थी की पृष्ठभूमि की समझ

(C) विषयवस्तु पूर्णता

(D) परीक्षा नियंत्रण

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 130.** सामाजिक संवेदनशीलता है -

(A) दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने की क्षमता

(B) दूसरों की स्थिति को समझने की क्षमता

(C) दोनों (A) और (B)

(D) न तो (A) और ना ही (B)

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 131.** संदेश में सभी जरूरी जानकारी होनी चाहिए। संप्रेषण कौशल का यह मूल सिद्धान्त निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(A) स्पष्टता

(B) संक्षिप्तता

(C) पूर्णता

(D) ठोसपन

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 132.** निम्नलिखित में से कौन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का तत्व नहीं है?

(A) शिक्षक

(B) शिक्षार्थी

(C) माता-पिता

(D) पाठ्यचर्या

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 133.** आप अपने विद्यार्थियों के भावनात्मक एवं मनोगत्यात्मक पक्ष के विकास का आकलन करने हेतु क्या करना चाहेंगे?

(A) एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण प्रशासित करेंगे

(B) मनोचिकित्सक द्वारा जाँच करायेंगे

(C) निरंतर साहित्यिक सांस्कृतिक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करायेंगे

(D) उपलब्धि परीक्षण प्रशासित करेंगे

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 134.** कौनसी नेतृत्व शैली अनुयायियों को अपनी क्षमता पहचानने के लिए प्रोत्साहित करती है?

(A) आदिम नेतृत्व

(B) प्रेरणादायक नेतृत्व

(C) लेन-देन संबंधी नेतृत्व

(D) नौकरशाही नेतृत्व

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 135.** सामाजिक संवेदनशीलता का मतलब है -

(A) दूसरों की भावनाओं और विचारों को समझने की क्षमता

(B) दूसरों के बारे में बात करने की क्षमता

(C) सामाजिक अंतःक्रिया के संकेतों को समझने की क्षमता

(D) सामाजिक अभिवृत्ति को पहचानने की क्षमता

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 136.** एक लोकतांत्रिक नेता सामान्यतः -

(A) अकेले निर्णय लेता है

(B) सहभागिता को प्रोत्साहित करता है

(C) कठोर नियंत्रण रखता है

(D) उत्तरदायित्व से बचता है

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 137.** मिस नीना ने विद्यार्थियों से अखबार के विभिन्न उपयोगों के बारे में बताने को कहा। रेहान ने अखबार के 15 अलग-अलग उपयोगों को बताकर यह खेल जीत लिया। इस खेल के माध्यम से मिस नीना ने रचनात्मकता के किस घटक को संबोधित किया?

(A) प्रवाह

(B) लचीलापन

(C) मौलिकता

(D) विस्तार

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 138.** कक्षा के रूप में भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए, आप अपने पाठ की रूपरेखा किस प्रकार बनाएंगे?

(A) विद्यार्थियों को सीखने योग्य जानकारी प्रदान करने हेतु

(B) विद्यार्थियों को आपस में चर्चा करने और जाँच पड़ताल में शामिल करने हेतु

(C) यह सुनिश्चित करने हेतु कि विद्यार्थी स्वयं अध्ययन करें और सीखें

(D) ऐसा व्याख्यान देने हेतु जिसे विद्यार्थी सुन सकें

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 139.** शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 में किन कक्षाओं के लिए CCE को अनिवार्य बनाया गया?

(A) कक्षा I से VIII

(B) कक्षा 1 से V

(C) कक्षा 1 से VIII

(D) कक्षा IX व X

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 140.** व्यक्ति का वह गुण जिससे यह पता चलता है कि वह समस्या को कितने तरीकों से समाधान करना जानता है, कहलाता है -

(A) प्रवाहिता

(B) लचीलापन

(C) मौलिकता

(D) विस्तारण

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 141.** विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए किस तरह का अनुशासन सबसे प्रभावी है?

(A) प्रभाववादी अनुशासन

(B) दमनकारी अनुशासन

(C) मुक्तियादी अनुशासन

(D) आत्मानुशासन

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 142.** एक विद्यार्थी की खुद की लिखी कविता रचनात्मकता के किस तत्व को दिखाती है?

(A) मौलिकता

(B) लचीलापन

(C) विस्तार

(D) प्रवाह

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 143.** जब कोई शिक्षक अपने विद्यार्थियों को नक्शा बनाने में दक्ष बनाना चाहता है तो वह इसके लिए कौनसी रणनीति इस्तेमाल करेगा?

(A) व्याख्यान

(B) प्रदर्शन

(C) अभ्यास कार्य

(D) भूमिका निभाना

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 144.** आपकी कक्षा का एक विद्यार्थी कक्षा में रुचि प्रदर्शित नहीं करता है, तो आप -

(A) उसे दंड देंगे।

(B) उसे कक्षा से बाहर निकाल देंगे।

(C) इसके पीछे के कारण का पता करेंगे।

(D) उसे उसके हाल पर छोड़ देंगे।

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 145.** शैक्षिक मनोविज्ञान के अनुसार, व्यावसायिक दृष्टिकोण किसे प्रभावित करता है?

(A) केवल शिक्षक

(B) केवल प्रशासन

(C) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया

(D) विद्यालय भवन

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 146.** निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षक के व्यावसायिक दृष्टिकोण का मूल घटक है?

(A) पूर्वाग्रह एवं विश्वास

(B) रुचि एवं राय

(C) रुचि एवं विश्वास

(D) विश्वास एवं व्यवहार

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 147.** प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक का व्यावसायिक दृष्टिकोण मुख्य रूप से किस गुण को दर्शाता है?

(A) व्यक्तिगत सुविधा

(B) विद्यार्थियों के प्रति प्रतिबद्धता

(C) आर्थिक लाभ

(D) सामाजिक प्रतिष्ठा

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 148.** एक शिक्षक कक्षा के नेता के रूप में तब सफल होता है, जब उसकी अनुपस्थिति में भी -

(A) कक्षा के विद्यार्थी आपस में बातचीत में व्यस्त हों।

(B) विद्यार्थी कक्षा में शांति से बैठे हों।

(C) विद्यार्थी अपना काम करने में व्यस्त हों।

(D) विद्यार्थी खेलों में व्यस्त हों।

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 149.** मूल्य शिक्षा के लिए कौनसी विधि सबसे उपयुक्त है?

(A) व्याख्यान विधि

(B) अभ्यास विधि

(C) श्रुतलेख विधि

(D) कहानी सुनाने की विधि

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 150.** संप्रेषण एक प्रक्रिया है -

(A) विचारों व सूचना का आदान-प्रदान करने की

(B) आदेश देने की

(C) केवल संदेश लिखने की

(D) केवल सुनने की

**उत्तर: (A)**

**Part-D: Language Proficiency (English & Hindi)**

**[Section-I: English]**

**Question 151.** Robots are a substitute for -

(A) planners

(B) production workers

(C) motor cars

(D) endangered species

**Answer: (B)**

**Question 152.** 'A viable proposition' is -

(A) a workable idea

(B) a fanciful idea

(C) an imaginative idea

(D) an endangered idea

**Answer: (A)**

**Question 153.** What do you mean by robotisation?

(A) Making robots

(B) Marketing robots

(C) Introduction of robots

(D) Replacement of humans with robots

**Answer: (D)**

**Question 154.** What does the writer say regarding initial failure?

(A) 50 percent are using robots.

(B) British companies stopped the use of robots

(C) 22 percent have abandoned the use of robots.

(D) All of the above

**Answer: (C)**

**Question 155.** Mark the most appropriate one-word substitution for the following- 'Undue favour shown by a person in power to his relatives.'

(A) Misanthrope

(B) Flagrant

(C) Perquisition

(D) Nepotism

**Answer: (D)**

**Question 156.** Put the following into indirect speech - Rahul asked Raj, "Why have you not allowed the book to be published?"

(A) Rahul asked Raj that why have the book not been published.

(B) Rahul asked Raj why he had not allowed the book to be published.

(C) Rahul asked Raj why was the book not published.

(D) Rahul asked Raj why they have not allowed the book to be published.

**Answer: (B)**

**Question 157.** Complete the sentence with suitable Articles - "His car struck ........ tree you can still see mark on ........... tree."

(A) a, the, the

(B) the, the, the

(C) a, a, the

(D) a, the, a

**Answer: (A)**

**Question 158.** Find out the correct spelling-

(A) Variagated

(B) Variegated

(C) Varegated

(D) Varigated

**Answer: (B)**

**Question 159.** Complete the sentence with suitable Article - "France is .......... European country."

(A) a

(B) an

(C) the

(D) no article

**Answer: (A)**

**Question 160.** Which connective is correct? "........ he is intelligent, he is humble."

(A) Although

(B) But

(C) Yet

(D) As well as

**Answer: (A)**

**Question 161.** Complete the following sentence - "If you answer the questions correctly ........"

(A) you were the winner.

(B) you could be the winner.

(C) you have been the winner.

(D) you could have been the winner.

**Answer: (B)**

**Question 162.** Find the Antonym for 'Acquit' -

(A) Convict

(B) Disclose

(C) Adjudge

(D) Imprison

**Answer: (A)**

**Question 163.** Find the synonym for 'Veracity' -

(A) Audacity

(B) Perfection

(C) Judgement

(D) Truth

**Answer: (D)**

**Question 164.** Which part has error in it? "Despite for her protests / I decided / to buy the saree / which she did not like."

(A) Despite for her protests

(B) I decided

(C) to buy the saree

(D) which she did not like

**Answer: (A)**

**Question 165.** Which of the following means 'a middle course'?

(A) By the way

(B) Through communication

(C) Via media

(D) The right order

**Answer: (C)**

**Question 166.** Which of the following Question Tag is correct for the sentence? "We're doing it the right way, ........"

(A) aren't we?

(B) are we?

(C) do we?

(D) don't we?

**Answer: (A)**

**Question 167.** Find out the word with correct spelling -

(A) Supperannuation

(B) Superanuation

(C) Supperanuation

(D) Superannuation

**Answer: (D)**

**Question 168.** Correct the following sentence - "If I were you, I will never give up."

(A) If I was you, I will never give up.

(B) If I were you, I was never give up.

(C) If I were you, I would never give up.

(D) If I were you, I will never have give up.

**Answer: (C)**

**Question 169.** Choose the compound sentence -

(A) You must take rich diet to gain weight.

(B) You must take rich diet or you will not gain weight.

(C) You must take rich diet in order to gain weight.

(D) You will gain weight by taking rich diet.

**Answer: (B)**

**Question 170.** Identify the one underlined expression (A, B, C or D) that must be changed in order to correct the sentence: "None of the children wants to be in the group that has to stay inside because everyone prefer to go outside and play."

(A) A

(B) B

(C) C

(D) D

**Answer: (C)**

**[अनुभाग-II: हिन्दी]**

**प्रश्न 171.** "कर्कश" शब्द का विलोम शब्द है -

(A) मधुर

(B) सर्कस

(C) निष्ठुर

(D) कसूरवार

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 172.** इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं है?

(A) अनन्त - सान्त

(B) अथ - आदि

(C) अग्रज - अनुज

(D) अक्ष - विज्ञ

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 173.** "थोड़ी वस्तु से बड़ा काम नहीं हो सकता।" को दर्शाने वाली लोकोक्ति है -

(A) चूहों की मौत, बिल्ली का खेल।

(B) चूहे का बच्चा बिल ही खोदता है।

(C) छोटी कुतिया जलेबियों की रखवाली।

(D) चूहों के चाम से कहीं नगाड़े मढ़ जाते हैं।

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 174.** अभ्यागत शब्द में कौनसा उपसर्ग है?

(A) अभी

(B) अभ्य

(C) अभि

(D) अ

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 175.** किस विकल्प के सभी शब्द शुद्‌ध हैं?

(A) नीरोग, वृतान्त

(B) आयुक्ति, ज्योत्स्ना

(C) दुर्व्यसन, अनुग्रह

(D) बन्द, समृद्‌ध

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 176.** उर्दू उपसर्ग से बना शब्द है -

(A) अधकच्चा

(B) औगुन

(C) सुडौल

(D) बाकायदा

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 177.** मुहावरे और उनके अर्थ की दृष्टि से सही विकल्प नहीं है -

(A) नाको चने चबाना - खूब तंग करना

(B) निन्यानवे का फेर - अनुभव शून्य होना

(C) पगड़ी उछालना - अपमान करना

(D) दूज का चाँद - कठिनाई से दर्शन देना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 178.** "ईंट की लेनी, पत्थर की देनी" लोकोक्ति का अर्थ होता है -

(A) जिसकी करनी उसी को फल मिलता है।

(B) समय बीत जाने पर काम करना।

(C) दुष्टता के बदले और अधिक दुष्टता।

(D) जैसा व्यक्ति वैसी आवभगत।

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 179.** अशुद्ध शब्द है -

(A) दुरावस्था

(B) द्रवीभूत

(C) नूपुर

(D) अन्त्याक्षरी

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 180.** जिस वाक्य में दो या दो से अधिक साधारण वाक्य या प्रधान उपवाक्य या समानाधिकरण उपवाक्य, किसी संयोजक शब्द से जुड़े हों, उसे कहते हैं -

(A) साधारण वाक्य

(B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य

(D) संज्ञा उपवाक्य

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 181.** "खटाई में पड़ना" मुहावरे का अर्थ होता है -

(A) लड़ाई में मारे जाना

(B) व्यवधान आना / निर्णय न होना

(C) मारे-मारे फिरना

(D) पछताना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 182.** निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है -

(A) लड़का

(B) मिठास

(C) गंगा

(D) पुस्तक

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 183.** "सूर्योदय" शब्द में कौनसी संधि है?

(A) दीर्घ संधि

(B) गुण संधि

(C) वृद्धि संधि

(D) यण संधि

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 184.** लंबोदर शब्द में कौन सा समास प्रयुक्त हुआ है?

(A) अव्ययीभाव

(B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि

(D) द्वंद्व

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 185.** चोर की दाढ़ी में तिनका, इस लोकोक्ति का सही अर्थ क्या है?

(A) चोर का दाढ़ी रखना

(B) दोषी व्यक्ति का हमेशा सशंकित / डरा रहना

(C) दाढ़ी में तिनका फंसना

(D) चोरी की पहचान होना

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 186.** "अनल" और "अनिल" शब्द-युग्म का सही अर्थ भेद क्या है?

(A) आग और हवा

(B) हवा और पानी

(C) पानी और आग

(D) जंगल और आग

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 187.** जीतने की इच्छा कहलाती है -

(A) लिप्सा

(B) जिगीषा

(C) जिजीविषा

(D) मुमूर्षा

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 188.** निम्न में से शुद्ध वाक्य है -

(A) बेटों में युद्ध हो गया।

(B) इस गीत की दो चार लड़ियाँ सुना दो।

(C) टिड्डियों की मंडली सारी फसल चट कर गई।

(D) गोलियों की बौछार के सामने कोई टिक न सका।

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 189.** इनमें से अशुद्ध शब्द कौनसा है?

(A) महाश्चर्य

(B) चक्रपाणि

(C) लावण्य

(D) कवयित्री

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 190.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द "हाथी" का पर्यायवाची नहीं है?

(A) गज

(B) कुंजर

(C) मयूख

(D) मतंग

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 191.** समास का उदाहरण है (द्विगु समास) -

(A) नीलकंठ

(B) कपड़ा-लत्ता

(C) त्रिभुवन

(D) महाजन

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 192.** चंद्रमा का पर्यायवाची नहीं है -

(A) हिमांशु

(B) सुधांशु

(C) दिनेश

(D) राकेश

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 193.** इनमें से अशुद्ध वाक्य कौनसा है?

(A) ये मेरे ही हस्ताक्षर हैं।

(B) प्यास के मारे उसका प्राण निकल गया।

(C) वह अपनी धुन में जा रहा था।

(D) उसकी भुजाएँ घुटनों तक लम्बी हैं।

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 194.** इनमें से किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं है?

(A) उत्कर्ष - अपकर्ष

(B) उत्थान - पतन

(C) विनीत - उग्र

(D) इष्ट - अभीष्ट

**उत्तर: (D)**

**प्रश्न 195.** किस विकल्प में गलत संधि है?

(A) उत् + लीन = तल्लीन

(B) तत् + हित = तद्धित

(C) सत् + जन = सज्जन

(D) एक + एक = एकैक

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 196.** तड़ाग - तड़ाक शब्द युग्म का सही अर्थ है -

(A) तालाब - जल्दी / शीघ्र

(B) दुर्बल - तालाब

(C) जल्दी - तगड़ा

(D) जल्दी - तालाब

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 197.** श्वेत - स्वेद युग्म शब्दों का सही अर्थ है -

(A) सफेद - धागा

(B) सफेद - काम

(C) सफेद - पसीना

(D) सफेद - सभा

**उत्तर: (C)**

**प्रश्न 198.** लाघव शब्द में प्रत्यय है -

(A) अ

(B) व

(C) अव

(D) राघव

**उत्तर: (A)**

**प्रश्न 199.** किस शब्द में "नि" उपसर्ग नहीं है?

(A) निपुण

(B) निश्चल

(C) निवारण

(D) निषेध

**उत्तर: (B)**

**प्रश्न 200.** "तन्वीश्वर" शब्द में संधि है -

(A) गुण संधि

(B) यण संधि

(C) व्यंजन संधि

(D) विसर्ग संधि

**उत्तर: (B)**